19U259S (Pages: 3) Name……………………..

Reg. No…………………..

SECOND SEMESTER B.Com./B.B.A. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2020

(CUCBCSS – UG)

(Supplementary/Improvement)

CC15U HN2 A08(2)/ CC17U HN2 A08(2)

POETRY, CORRESPONDENCE AND TRANSLATION

(Hindi - Common Course)

(2016 to 2018 Admissions)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए:

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए:

1. सूरदास की भाषा कौन-सी है?

   (अवधी, व्रज, सधुक्कडी, भोजपुरी)

2. 'कविता की बात' का रचनाकार कौन है?

   (अज्ञेय, निराला, धूमिल, भगवत रावत)

3. "लोहे का स्वाद, लोहार से मत पूछो

   उस घोडे से पूछो, जिसके मुँह में लगाम है" कवि कौन है?

   (पंत, सुनिता जैन, धूमिल, अरुण कमल)

4. हिंदी के 'सुकुमार कवि' कौन है?

   (निराला, पंत, अज्ञेय, रामदरश मिश्र)

5. 'माचिस' किसकी कविता है ?

   (अरुण कमल, सुनीता जैन, अज्ञेय, केदारनाथ सिंह)

(ख) खाली जगहों को भरिए:

6. अज्ञेय की ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कृति ------------- है?

7. "सभी अकेले-अकेले

   अपनी मंज़िल पर पहुँचने का इन्दज़ार करती हैं।" कवि ------------- हैं?

8. Amendment का हिंदी प्रतिरूप ------------- है।

9. कबीरदास का सारा साहित्य ------------- नाम से जाना जाता है।

10. 'सरोजस्मृति' ------------- की कविता है।

(10 x 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखए:

11. विधवा कैसे जीने को विवश है?

12. 'प्रतिबिंब' में कवि अपनी माँ को प्रकृति रूपी दर्पण में क्यों देखना चाहते हैं?

13. कार्यालयी पत्र क्या है?

14. 'वक्त' कविता के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं?

15. धूमिल के मत में कविता किस तरह पढ़नी चाहिए?

16. 'चिट्ठियाँ' किसका प्रतीक हैं?

17. 'धब्बा' कविता में कवि के आशावादी दृष्टिकोण का परिचय कैसे मिलते हैं?

18. सूरदास ने कृष्ण की कृपा की महत्ता का वर्णन कैसे किया है?

19. गुरु किस प्रकार शिष्य को उचित साधक बना देता है?

20. सूरदास क्यों बार-बार कृष्ण के पैरों की वन्दना करते हैं?

21. हिंदी प्रतिरूप लिखिए –

(अ) Action (आ) Accountant (इ) Bonus (ई) Candidate

22. अज्ञेय क्यों कहते हैं कि वे कविता में अपनी बातें नहीं कहते हैं ?

(10 x 2 = 20 Marks)

III. किन्हीं चार प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

23. "गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़-गढि काढ़ै खोढ़ ।
अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट ।।"

24. "दिए हैं मैंने जगत को फूल-फल
किया है अपनी प्रभा से चकित-चल
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल
ठाट जीवन का वही, जो ढह गया है।"

25. "छुरा भाँजते गुण्डे छुट्टा घूम रहे हैं
और अपने ही घर की चौखट पर
बैठा आदमी, मारा जा रहा है।"

26. फिर थककर एक जली हुई डाल पर बैठ गई
और सोचने लगी -
आज जंगल में कोई आदमी आया था क्या ?

27. "ऐसे समय में, जब डरे हुए स्वार्थी हाथ
आदमी के खून में रंग जाते हैं, तब खून की एक-एक बूँद जो कहती है
उसे लिखा जाना चाहिए, कविता से
कहानी से हटकर भी लिखा जाना चाहिए।"

28. "धीरे-धीरे अब तू अपना
दिव्य द्वार है खोल रही,
पल-पल अपनी शुभ्र प्रभा है
प्रकटाती इस जीवन में।"

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

29. 'कवि कह गया है' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

30. आपके निजी पुस्तकालय केलिए कुछ हिंदी पुस्तकें माँगते हुए लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम एक आदेश पत्र तैयार कीजिए।

31. हिंदी में अनुवाद कीजिए।

English is the highly developed language in the world and it is known as throughout the world. It has the wide literature in the world. Great poets like Shakespeare, Milton, Wordsworth etc. produced great literature. It has enjoyed the honour of being the official language and medium of instruction in many countries like India. As a matter of fact, it is the language of educated population. It has contributed its share to the development of many modern languages. Today almost all the authoritative books in Science, History and Art are available in English.

(2 x 15 = 30 Marks)

****